महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2025 / 404-411 दिनांकः–23.04.2025

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,**
**बरेली।**

विषयः– **वार्षिक प्रणाली परीक्षा 2024–25 स्नातक / परास्नातक एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम (वार्षिकी) की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

वार्षिक प्रणाली परीक्षा 2024–25 स्नातक स्तर पर (बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0कॉम), परास्नातक स्तर पर (एम0ए0, एम0एस–सी0, एम0कॉम) व व्यवसायिक पाठ्यक्रम (वार्षिकी) स्नातक स्तर पर (बी0एस–सी0 गृहविज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, बायोटेक्नालाजी, माइक्रोबायालाजी, आनर्स, बी.कॉम–आनर्स / कम्प्यूटर) एवं परास्नातक स्तर पर (एम0एस–सी0 गृहविज्ञान) तथा बी0एड0, बी0पी0एड0, एम0एड0, बी0एल0एड0 एवं डिप्लोमा इत्यादि पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षायें आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक आमंत्रित कर सम्पन्न करायी जानी है। परीक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2024 / 2302–2309 दिनॉक 15.04.2024 के अनुसार समस्त प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है। **समस्त महाविद्यालय दिनॉक 30.04.2025 से 30.05.2025 तक प्रत्येक दशा में समस्त प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करा लें,** किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंकों को ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं पोर्टल बन्द कर दी जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी महाविद्यालयों द्वारा सुनिश्चित किया जाना हैः–

1. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अंकपर्ण की दो प्रतियाँ तैयार की जायेंगी तथा उनकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय में ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन प्रकिया के माध्यम से ही स्वीकार्य होगें। आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। **उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं हैं।**
2. सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकायें चुनौती मूल्यॉकन (Challenge Evaluation) से अच्छादित हैं, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मॉगें जाने पर तत्काल उपलब्ध कराना होगा।
3. परीक्षकों को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
4. **ऐसे महाविद्यालय जहाँ प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की संख्या 25 से कम हो, वे अन्य महाविद्यालय से परस्पर सहमति के आधार पर नियमानुसार प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न करा सकते हैं, लेकिन अंक अपलोड प्रत्येक दशा में नियुक्त परीक्षक द्वारा ही किये जायेगें।**
5. **ऐसे महाविद्यालय जो परस्पर सहमति के आधार पर अन्य किसी महाविद्यालय में प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराना चाहते हैं उस महाविद्यालय के सहमति पत्र के साथ पूर्ण जानकारी (परीक्षा केन्द्र का नाम (कालेज कोड़ सहित) / सम्बद्ध महाविद्यालय का नाम (कालेज कोड़ सहित) / पाठ्यक्रम / कक्षा / विषय / पेपर कोड़ / छात्रों की संख्या) सहित महाविद्यालय के लेटर हेड पर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनॉक 30.04.2025 तक प्रत्येक दशा में जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में उसी महाविद्यालय के केन्द्र पर प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगीं।**
6. परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के सीलड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते हैं।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
2. उप–कुलसचिव (गोपनीय)।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेवसाइट को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
5. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
6. वै0 सहायक, कुलसचिव।
7. प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय)।

परीक्षा नियंत्रक